


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 04 : अंक : 28 | ग्वालियर, बुधवार 17 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8



## न्यूज ट्रैक




### 78 वर्षीय आशा पारेख ने लगावाई कोविड-19 वैक्सीन, सामने आई तस्वीरें

**नई दिल्ली।** इन दिनों जहां एक तरफ कोरोना वायरस के नए मामले लगातार सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इस कोविड-19 की वैक्सीन भी आ चुकी हैं। आम लोगों से लेकर की सेलेब्रिटीज इस वैक्सीन को ले भी चुके हैं, वहीं हाल ही में बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख ने भी कोरोना की वैक्सीन ले ली है। 78 वर्षीय आशा पारेख की कोरोना वैक्सीन लेते हुए तस्वीरें भी सामने आई हैं। इन तस्वीरों में आशा कोरोना की वैक्सीन का पहला डोज लेती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री आशा पारेख ने कोविड-19 वैक्सीन ले ली है, ये वैक्सीन उन्होंने मुंबई के एक अस्पताल में ली है। मुंबई के तादेव स्थित भाटिया अस्पताल के स्टाफ ने आशा को वैक्सीन की पहली डोज दी है। वैक्सीन लेते दौरान आशा पारेख ने कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज दिया है। उनके आस-पास डॉक्टर और नर्स नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री नर्स से कुछ पूछती हुई भी दिखाई दे रही हैं। बता दें कि इससे पहले सैफ अली खान, जॉनी लीवर, हेमा मालिनी, राकेश रोशन और कमल हासन जैसे सेलेब्रिटीज भी कोरोना वैक्सीन ले चुके हैं। कई सेलेब्रिटीज ने अपने फॉलोवर्स को भी वैक्सीन लगवाने की सलाह भी दी थी। वहीं कई लोग ये वैक्सीन लेते दिखाई दे रहे हैं। अब आशा पारेख ने भी कोविड-19 वैक्सीन लेकर लोगों को इसके लिए प्रेरित किया है।

### देश के तीन शहरों में 12,000 से ज्यादा कोरोना के केस, बढ़ रहीं चिताएं



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार को देशभर में 24000 से अधिक नए केस सामने आए हैं। इसी के साथ देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की कुल संख्या 223432 पहुंच गई है। इन एक्टिव केसों के मामले में पहले नंबर पर महाराष्ट्र हैं, वो भी खासकर तीन जिलों से। वो तीन जिले पुणे, नागपुर और मुंबई, जहां पर प्रत्येक जिलों में फिलहाल 12000 से अधिक एक्टिव केस हैं। यहीं वजह है कि देश में सक्रिया मामलों में वृद्धि देखने को मिली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में 77 फीसदी एक्टिव केस महाराष्ट्र, पंजाब और हरियाणा से आए हैं। कर्नाटक में भी कोरोना के नए केसों में वृद्धि देखने को मिली है। कर्नाटक का एक्टिव केसों में योगदान 3.97 फीसदी है जबकि तमिलनाडु का 2.30 फीसदी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जिलेवार एक्टिव केस के आंकड़े जारी किए हैं।


**एक्टिव केसों में महाराष्ट्र का 59 फीसदी योगदान-** महाराष्ट्र के जिलों की बात करें तो 26,468 एक्टिव केसों के साथ पुणे पहले नंबर पर है। इसके बाद 18,114 एक्टिव केस के साथ नागुपर दूसरे और 13309 केस के मुंबई तीसरे नंबर पर है। ठाणे में 12680 और नासिक में 8035 एक्टिव केस हैं। इस तरह से देखें थे देश में कोरोना एक्टिव केसों में 59 फीसदी तो महाराष्ट्र से हैं। महाराष्ट्र के दो जिलों पुणे और मुंबई में कोरोना केस में तेजी से वृद्धि हुई है। अभी की तुलना में 11 मार्च को पुणे में 18474, मुंबई में 9973 और नागपुर में 12724 एक्टिव केस थे।

### दलबदलुओं को उतारने पर बीजेपी में घमासान

# देर रात तक मीटिंग करते रहे अमित शाह और नड्डा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भले ही टीएमसी के तमाम नेताओं को लेकर बीजेपी चुनावी जंग जीतने की कोशिश में है, लेकिन इसके चलते उसे पार्टी के भीतर ही विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल में उम्मीदवारों के ऐलान के बाद से कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। फिलहाल इस पूरे मसले पर कार्यकर्ताओं को समझाने और सहमति बनाने की कोशिश में होम मिनिस्टर अमित शाह और जेपी नड्डा खुद जुटे हुए हैं। सोमवार शाम से ही दोनों नेता अंसतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें साधने का प्रयास कर रहे हैं। एक सीनियर बीजेपी ने बताया कि सोमवार शाम को कोलकाता में अमित शाह और जेपी नड्डा ने इस संबंध में मुलाकात की थी। यही नहीं मंगलवार सुबह भी ऐसी एक मीटिंग हुई है।

इस मीटिंग में पश्चिम बंगाल के कुछ सीनियर लीडर्स को भी शामिल किया गया है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि मीटिंग में कौन लोग थे। जेपी नड्डा मंगलवार को भी पूरे दिन पश्चिम बंगाल में ही रैलियां करने वाले हैं, जबकि अमित शाह असम के लिए रवाना हो गए हैं। अमित शाह को सोमवार की रात दिल्ली लौटना था, लेकिन पश्चिम बंगाल में उम्मीदवारों के ऐलान से कार्यकर्ताओं के अंसतुष्ट होने के चलते वह कोलकाता में ही रात रुके और मीटिंग की। हालांकि पार्टी ने आधिकारिक तौर पर उम्मीदवारों के ऐलान से किसी के असंतुष्ट होने की बात से इनकार किया है। पश्चिम बंगाल में बीजेपी के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा, पूरे राज्य में कोई विरोध नहीं है।



कुछ जगहों पर लोगों ने असंतोष जाहिर किया है। पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी की नीतियों से आकर्षित होकर बहुत से लोगों ने पार्टी जॉइन की है और यह पश्चिम बंगाल में असली बदलाव का संकेत है। पार्टी ने पहले दो चरणों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान इस महीने की शुरुआत में किया था, जबकि तीसरे और चौथे राउंड के लिए भी 63 कैंडिडेट्स का रविवार को ऐलान किया था। इनमें 27 उम्मीदवार तीसरे चरण के लिए घोषित किए गए हैं, जबकि 36 कैंडिडेट्स का नाम चौथे राउंड के लिए घोषित किया गया है। महीने भर पहले आए कई लोगों को बीजेपी ने थमाया टिकट- दरअसल बीजेपी ने 63 कैंडिडेट्स की जो लिस्ट जारी की है, उसमें 4 अभिनेताओं समेत बड़ी संख्या में पूर्व टीएमसी नेता शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में बीजेपी जॉइन की थी। इसके अलावा कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने टीएमसी में टिकट न मिलने के बाद पाला बदला है और अब बीजेपी ने उन्हें चुनावी समर में उतारा है। ऐसे कई उम्मीदवारों के विरोध में सैकड़ों की संख्या में बीजेपी वर्कर्स ने सोमवार को कोलकाता स्थिति बीजेपी दफ्तर के बाहर आंदोलन किया था। कई कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठ गए तो कुछ लोग पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ने का प्रयास करते दिखे। अर्जुन सिंह बोले, केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाएंगे बात- यही नहीं सीनियर नेता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय को भी विरोध का सामना करना पड़ा है। मुकुल रॉय और अर्जुन सिंह को भी कार्यकर्ताओं की ओर से विरोध का सामना करना पड़ा है। कार्यकर्ताओं में असंतोष को लेकर अर्जुन सिंह ने कहा, हम अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात करेंगे। इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

### बंगाल के पीछे रहने के लिए ममता दीदी जिम्मेदार: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव 2021- 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान पूरे चरम पर है. चुनावी राज्यों में राजनीतिक दलों के नेताओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है. मतदाताओं को लुभाने के लिए रैलियों में बड़े बड़े वादे किए जा रहे हैं. जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी हैं. लेकिन इन राज्यों में से सबसे ज्यादा सियासी घमासान पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है. बंगाल में टीएमसी फिर से सत्ता में वापसी के लिए हर पैतरा आजमा रही है तो उसे टक्कर देने के लिए बीजेपी मैदान में उतरी है.

### पीएम नरेंद्र मोदी के मुख्य सलाहकार पीके सिन्हा ने दिया इस्तीफा, वजह साफ नहीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य सलाहकार पीके सिन्हा ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके कार्यालय ने पुष्टि की है कि उन्होंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हालांकि, देश के टॉप ऑफिस से बाहर जाने की वजहें अभी साफ नहीं हैं। पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर एक बड़े अधिकारी ने कहा, उन्होंने 15 मार्च को कार्यभार त्याग दिया है। उत्तर प्रदेश काडर के 1977 बैच के आईएएस अधिकारी पीके सिन्हा का कार्यकाल पीएम मोदी के कार्यकाल के बराबर था। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में सिन्हा कैबिनेट सेक्रेटरी रहे। उन्होंने यूपीए काल में नियुक्त अजित सेठ का स्थान लिया था। कैबिनेट सेक्रेटरी बनने से पहले वह पावर और शिपिंग मिनिस्ट्री में सेक्रेटरी थे। 2019 में कैबिनेट सेक्रेटरी के पद से रिटायरमेंट के बाद पीएमओ में उनके लिए पीएमओ में स्पेशल पद क्रिएट किया गया था और उन्हें ऑफिसर और स्पेशल ड्यूटी बनाया गया। पीएमओ से नृपेंद्र मिश्रा के जाने के बाद पीके सिन्हा को पीएम मोदी का मुख्य सलाहकार बनाया गया। सितंबर 2019 में जारी एक आदेश के मुताबिक सिन्हा सभी मंत्रालयों, विभागों, एजेंसियों और निकायों के नीतिगत मामलों को देखते थे। सिन्हा के इस्तीफे को लेकर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

### भारतीयों के खर्च पर दुनिया भर में नहीं भेजी जा रही कोरोना वैक्सीन, कांग्रेस के आरोपों पर स्वास्थ्य मंत्री का जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार भारत के लोगों के खर्चे पर विदेशी देशों को टीके का निर्यात नहीं कर रही है। दरअसल, कांग्रेस ने कोरोना वैक्सीन के निर्यात के केंद्र सरकार के कदम का विरोध किया था। कांग्रेस ने तर्क दिया था कि सरकार को देश की पूरी आबादी को टीके दिए बगैर वैक्सीन का निर्यात नहीं करना चाहिए। टीके के निर्यात के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों की एक हाई लेवल कमेटी इस पर नजर रखी हुई है। राज्यसभा में मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत के लोगों के खर्चे पर अन्य देशों में टीके नहीं भेजे जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमने टीकाकरण में 3 करोड़ का आंकड़ा छु लिया है। सोमवार को 30,39,394 लोगों टीका लगाया गया। बता दें कि कांग्रेस पिछले कुछ समय से केंद्र सरकार से देश में वैक्सीन ड्राइव में तेजी लाने का आग्रह कर रही है। कल, पार्टी ने मांग की कि यदि एक वर्ष के अंतराल में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए स्पष्ट रोडमैप है तो सरकार उसे पटल पर रखे।




**कांग्रेस ने सदन में जताई थी चिंता-** कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने बढ़ते कोरोनावायरस मामलों पर कल चिंता जताई और कहा कि विशेषज्ञों ने कहा है कि कोविद -19 की एक और लहर शुरू हो रही है।

### सरकार की बनाई सड़कों पर दौड़ती हैं प्राइवेट गाड़ियां तो पटरियों पर ऐसा क्यों ना हो?

## निजी निवेश पर बोले रेलमंत्री पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि रेलवे भारत की संपत्ति है उसका कभी निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने साथ ही कहा कि यात्रियों को अच्छी सुविधाएं मिलें, रेलवे के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले...ऐसे कामों के लिए निजी क्षेत्र का निवेश देशहित में होगा। रेलवे की पटरियों पर प्राइवेट सेक्टर की गाड़ियों को भी दौड़ाने की योजना का बचाव करते हुए पीयूष गोयल ने तर्क दिया कि सड़कें भी तो सरकार बनाती है तो क्या उस पर सिर्फ सरकारी गाड़ियां चलती हैं? लोकसभा में वर्ष 2021-22 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए पीयूष गोयल ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि कई सांसद निजीकरण और कॉर्पोरेटाइजेशन का आरोप लगाते हैं। भारतीय रेल का कभी निजीकरण नहीं होगा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि रेलवे भारत की संपत्ति है उसका कभी निजीकरण नहीं होगा। गौरतलब है कि सोमवार को चर्चा के दौरान कांग्रेस के जसबीर सिंह गिल, आईयूएमएल के ई टी मोहम्मद बशीर सहित कुछ अन्य सदस्यों ने रेलवे का निजीकरण करने का प्रयास किए



जाने संबंधी टिप्पणी की थीं। रेल मंत्री ने कहा कि सड़कें भी सरकार ने बनाई है तो क्या कोई कहता है कि इस पर केवल सरकारी गाड़ियां चलेंगी। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सभी तरह के वाहन चलते हैं तभी प्रगति होती है और तभी सभी को सुविधाएं मिलेंगी। गोयल ने कहा कि तो क्या रेलवे में ऐसा नहीं होना चाहिए? क्या यात्रियों को अच्छी सुविधाएं नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मालवाहक ट्रेनें चलें और इसके लिए अगर निजी क्षेत्र निवेश करता है तो क्या इस पर विचार नहीं होना चाहिए।


### फंड इंफ्रास्टक्चर और डेवलपमेंट एक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय बैंक की स्थापना करेंगेः वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बजट के दौरान हमने उल्लेख किया था कि हम फंड इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट एक्टिविटी के लिए एक राष्ट्रीय बैंक की स्थापना करेंगे. उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन (डीएफआई) की स्थापना को मंजूरी दे दी है, ये एहसास होने पर कि डीएफआई की स्थापना के लिए विकास और फाइनेंशियल उद्देश्य दोनों मायने रखेंगे. निर्मला सीतारमण ने कहा कि डीएफआई लंबी अवधि के फंड जुटाने में मदद करेगा और बजट 2021 प्रारंभिक राशि प्रदान करेगा. इस साल कैपिटल इन्फ्यूजन 20,000 करोड़ रुपये होगा, प्रारंभिक अनुदान 5,000 करोड़ रुपये, अतिरिक्त वेतन वृद्धि 5,000 करोड़ रुपये की सीमा के भीतर की जाएगी. बता दें कि सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों के निजीकरण के विरोध में सोमवार से लाखों की संख्या में बैंक कर्मचारी दो-दिवसीय हड़ताल पर हैं. इससे बैंकिंग सेवाओं के प्रभावित होने की संभावना है. नौ यूनियनों के सम्मिलित संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंकिंग यूनियन द्वारा ऐलान किए गए इस हड़ताल में करीब दस लाख बैंक कर्मी और अधिकारी शामिल होंगे. बैंक यूनियनों और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के बीच 4, 9 और 10 मार्च को हुई सुलह बैठक के विफल होने के बाद इस हड़ताल का आह्वान किया गया था. बैंक यूनियनों ने सरकार से सरकारी बैंकों के निजीकरण के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है, जिसमें कई लोगों की नौकरी चली जाएगी. पिछले महीने पेश किए गए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी विनिवेश योजना के हिस्से के रूप में दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की घोषणा की थी.

### गुजरात दंगों में पीएम नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट के खिलाफ अर्जी

## 13 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** गुजरात दंगों के मामले में पीएम नरेंद्र मोदी एसआईटी की ओर से क्लीन चिट दिए जाने के खिलाफ जाकिया जाफरी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। जाकिया जाफरी दंगों में मारे गए कांग्रेस के पूर्व सांसद अहसान जाफरी की पत्नी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई के लिए 13 अप्रैल की तारीख तय की है। जस्टिस ए.एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने 13 अप्रैल की तारीख तय करते हुए कहा कि इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। सीनियर अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने जाकिया जाफरी का पक्ष रखते हुए कोर्ट से मामले की सुनवाई अप्रैल तक के लिए टालने की अपील की। गुजरात में 2002 में हुई हिंसा के दौरान गुलबर्ग सोसायटी में हुए दंगों में 69 लोग मारे गए थे। इन लोगों में कांग्रेस के पूर्व सांसद अहसान जाफरी भी शामिल थे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसआईटी यानी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने जांच के बाद पीएम नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी थी। इसके अलावा कई अन्य नेताओं और नौकरशाहों को भी एसआईटी ने क्लीन चिट दी थी। एसआईटी ने नरेंद्र मोदी समेत कई लोगों पर सवालों को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उनके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है। इसके बाद 5 अक्टूबर, 2017 को गुजरात हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में एसआईटी की क्लीन चिट को सही करार दिया था। अब उच्च न्यायालय के उस फैसले को ही चुनौती देते हुए जाकिया जाफरी ने उच्चतम न्यायालय में अर्जी दाखिल की है। जाकिया जाफरी ने अपनी अर्जी में कहा है कि गुजरात दंगों के पीछे एक बड़ी साजिश है।






ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


### राकेश टिकैत बोले- जल्द बताएंगे तारीख

## गाजीपुर, सिंघु और टिकरी के बाद दिल्ली-नोएडा बॉर्डर बंद करने की तैयारी में किसान

बता दें कि किसान हाल ही बनाए गए तीन नए कृषि कानूनों- द प्रोड्यूसर्स ट्रेड एंड कॉमर्स (प्रमोशन एंड फैसिलिटेशन) एक्ट, 2020, द फार्मर्स ( एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन) एग्रीमेंट ऑन प्राइस एश्योरेंस एंड फार्म सर्विसेज एक्ट, 2020 और द एसेंशियल कमोडिटीज (एमेंडमेंट) एक्ट, 2020 का विरोध कर रहे हैं। केन्द्र सरकार इन तीनों नए कृषि कानूनों को कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार के तौर पर पेश कर रही है, वहीं प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आशंका जताई है कि नए कानूनों से एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) और मंडी व्यवस्था खत्म हो जाएगी और वे बड़े कॉरपोरेट पर निर्भर हो जाएंगे।

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसान अब सिंघु, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर के बाद दिल्ली-नोएडा बॉर्डर को भी बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आज यह जानकारी दी। टिकैत ने कहा कि अब हम दिल्ली-नोएडा बॉर्डर को बाधित करेंगे। कमेटी को अभी तारीख तय नहीं करनी है। जानकारी के अनुसार, गणतंत्र दिवस पर किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा के बाद करीब दो माह से चिल्ला बॉर्डर पर धरना दे रहे भारतीय किसान यूनियन (भानू) और भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने 27 जनवरी को अपना धरना वापस लेते हुए चिल्ला बॉर्डर खाली कर दिया था। हिंसा के बाद भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह ने कहा था कि ट्रैक्टर परेड के दौरान जिस तरह से दिल्ली में पुलिस के जवानों के ऊपर हिंसक हमला हुआ



तथा कानून-व्यवस्था की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं, इससे वे काफी आहत थे। इस महीने की शुरुआत में, दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के आंदोलन के 100 दिन पूरे होने पर प्रदर्शनकारी किसानों ने कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे को बाधित कर दिया था। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक एक्सप्रेस-वे को विभिन्न जगहों पर पांच घंटे के लिए रोक दिया था। किसान यूनियनों ने 26 मार्च को भारत बंद का आह्वान किया है। 26 मार्च को केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन को चार महीने पूरे हो रहे हैं। गौरतलब है कि पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों किसान दिल्ली की तीन सीमाओं - टीकरी, सिंघु और गाजीपुर पर पिछले साल नवंबर से तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। किसानों और सरकार ने गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले कुछ महीनों में कई बार बातचीत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकल सका है। किसानों ने सरकार से जल्द उनकी मांगें मानने की अपील की है। वहीं सरकार की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि कानून वापस नहीं होगा, लेकिन संशोधन संभव है।

# जनसुनवाई में उपस्थित न होने पर डब्ल्यू.आर.डी वर्मा को कारण बताओ नोटिस

**मुरैना।** जनसुनवाई जरूरतमंद लोगों के लिये वरदान साबित हो रही है यह जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से 1 बजे तक नवीन कलेक्ट्रेट भवन में कलेक्टर श्री बी कार्तिकेयन की उपस्थिति में संपन्न होती है। जनसुनवाई में आज 98 आवेदन पत्र प्राप्त हुये, जिनमें अधिकतर आवेदनों का मौके पर निराकरण किया तथा गंभीर समस्याओं के निराकरण शिकायतों को 24 घंटे में निराकरण कर अगली जनसुनवाई में वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में 12 ऐसे आवेदन चयन किये, जिन्हें 24 घंटे के अंदर निराकरण किया जाना है। जनसुनवाई के दौरान डब्ल्यूआरडी एसके वर्मा अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव कुमार जैन, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई के दौरान पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी राखी सिंह पत्नी सौरभ सिंह वैस पुत्र श्री वीरपाल सिंह ने बताया कि मेरी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में प्रार्थिया के माता पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक ससुरालीजन की मांग के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के उपरांत प्रार्थिया के एक पुत्री मानसी जो वर्तमान में 9 वर्ष की है उत्पन्न हुयी शादी के बाद से ही प्रार्थिया के ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर प्रार्थिया को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित व परेशान करने लगे थे और आये दिन गंभीर रूप से मारपीट करते थे। प्रार्थिया सबकुछ सहते हुये अपनी पत्नी धर्म का पालन करती रही। प्रार्थिया के ससुरालीजन द्वारा दहेज की मांग की पूर्ति न किये जाने पर प्रार्थिया की गंभीर रूप से मारपीट कर उसे व उसकी पुत्री को मात्र पहने हुये कपड़ों में अपने घर से निकाल दिया था जिसके संबंध में प्रार्थिया द्वारा पुलिस थाना सिटी कोतवाली मुरैना में



रिपोर्ट की थी जिस पर से प्रार्थिया के ससुरालीजन के विरूद्ध धारा 498ए भा0द0वि0 का अपराध कायम किया गया था जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थिया के पति सौरभ सिंह अहमदाबाद गुजरात में रहकर प्रायवेट नौकरी करने लगे थे और वर्तमान में वह ग्राम गुगरापुर थाना गुरसाहय गंज जिला कन्नौज उत्तरप्रदेश में अपने पैत्रिक गांव में निवास कर रहा है और उसके द्वारा बिना किसी उचित व पर्याप्त कारण के प्रार्थिया व उसकी नाबालिग पुत्री का त्याग कर रखा है। प्रार्थिया का अपने पति से आज दिनांक तक विधिक रूप से विधिवत कोई तलाक नहीं हुआ है और प्रार्थिया आज भी सौरभ सिंह की विवाहित पत्नी है। प्रार्थिया को ज्ञात हुआ है कि सौरभसिंह किसी अन्य लड़की से शादी करने के प्रयास में है और इस हेतु प्रार्थिया के सभी ससुरालीजन शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं। सौरभ सिंह की दूसरी शादी कराने में उसके माता पिता सहित उसके सभी परिवारजन भाई, भाभी, बहनोई आदि उसका पूर्ण रूप से सहयोग व समर्थन कर रहे हैं यदि सौरभसिंह द्वारा दूसरी शादी कर ली गई तो प्रार्थिया का जीवन बर्बाद हो जायेगा। प्रार्थिया आज भी सौरभ सिंह के साथ बतौर पत्नी रहकर अपने पत्नी धर्म का पालन करने हेतु पूर्णतः तत्पर हूं। प्रार्थिया के पति सौरभसिंह को दूसरी शादी करने से रोका जाये एवं दूसरी शादी करने का प्रयास करने व इस कार्य में उसका सहयोग करने वाले समस्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा की जाये। इस पर कलेक्टर ने आवेदन को संज्ञान में लिया और तत्काल एसपी को अग्रिम कार्यवाही के लिये भेज दिया है। जनसुनवाई के दौरान नामांतरण की अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं। इस संबंध में कलेक्टर ने तत्काल संबंधित तहसीलदार से ऑनलाइन वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नामांतरण न होने का कारण पूछा और उन्हें शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। जनसुनवाई में पीडीएस, राशन, बीपीएल, नामांतरण, रास्ता, अतिक्रमण आदि शिकायतों को सुना इनका निराकरण करने के निर्देश दिये।

# घोटी घुसमारा में आयोजित हुआ मोतियाबिंद शिविर 125 का पंजीयन, 45 मोतियाबिंद चिन्हित

**रितेश कटरे ब्युरो चिफ बालाघाट**

**बालाघाट।** जिले की लांजी तहसील में महावीर इंटरनेशनल लांजी के चेयरमैन विशाल राउत खोंगल विशेष संकल्प के साथ महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा क्षेत्र के घोटी घुसमारा में दिनांक 16/03/2021 को मोतियाबिंद शिविर ग्राम पंचायत भवन घोटी घुसमारा में आयोजन किया गया। उक्त शिविर प्रातः10.30 प्रारंभ हुआ जो संध्या 5 बजे तक सम्पन्न हुआ , मनुष्य के शरीर में आंखें सबसे महत्वपूर्ण इंद्रिय हैं, जिनके बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। बढ़ती उम्र में आंखों में मोतियाबिंद होना आम बात है, लेकिन धन के अभाव में ऑपरेशन न करा पाने से लोग अंधता का दंश झेल रहे है। महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा अभियान के तहत निशुल्क आपरेशन कराने के लिए हाथ बढ़ाए है, अंधत्व की बीमारी से पीड़ित असहाय गरिबों एवं जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क उपचार करा रहीं है, ताकि वे अपने जीवन को सरलता एवं सहजता से आम इंसान की तरह खुली आंखों से जी सके शिविर में 45 मोतियाबिंद के चयनित किया गया साथ ही 125 लोगों का पंजीयन किया गया उक्त शिविर में ग्राम घोटी घुसमारा, भिमोडी, बोलेगावं, ककोड़ी, कोचवाही, खजरी, इटोरा, कलपाथरी, पाथरगावं, सिहारी, पोंडी, कुम्हारी, जामडी (किरनापुर) आदि गांवों के लोग उपस्थित हुए और शिविर का लाभ लिया।

उक्त शिविर का आयोजन कार्यक्रम के विशेष सहयोग समाजसेवी भरत कालबेले जी , भूपेश



कटरे जी, रमेश मुरकुटे जी, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शंकरलाल कटरे, गोवर्धन घोरमारे, संतोष बिसेन, विठ्ठल घोरमारे, विजय कटरे, किसना जी कटरे, संजय मुरकुटे, मनोज घरडे, तेजेश्वर खोबरागड़े, दुर्योधन बिसेन, मानीकराम घोरमारे, प्रेमलाल खोबरागड़े, तामराज चौहान, रामदास हनोते, रमेश मडामे, ज्ञानीराम घोरमारे, दिनेश आगासे, सेवकराम मुरकुटे, पैकुराम मुरकुटे, रामलाल अगासे, प्रेमलाल मुरकुटे, सोनुलाल हनोते, येशुराम मुरकुटे, बंडु मुरकुटे, होलीराम धारने, सिताराम धारने, गुलाब कौशल, बिसनजी नारनौरे, अनाराम रण्दिवे, राजेश कौशल, आकाश बिसेन, साजन धारने, फलेन्द्र बिसेन, परमेश्वर नागदेवे, चेतन घोरमारे, पंचम हनोते, दिपांक खोबरागड़े, विरेन्द्र घोरमारे, कैलाश मडामे, अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त शिविर में जबलपुर के डॉक्टर की टीम डॉ आतिफ खान ,डॉ मोनू यादव साथ ही चन्द्रदिप बंटी रामटेके, मुकेश कोल्हे, स्थानी टीम के द्वारा भी नेत्र विशेषज्ञ की जांच आंखों की जांच की गई शिविर में स्थानीय लोग क्षेत्र के आसपास के लोग इस शिविर का लाभ लिए और आपसे निवेदन है कि ऐसे मोतियाबिंद है जीन को दिखाई नहीं देता है आप इसकी जानकारी महावीर इंटरनेशनल को दें ताकि महावीर इंटरनेशनल आप तक पहुंच कर इस अंधत्व की बीमारी को जड़ से मिटाने के प्रयास को सफल हो सके

उक्त शिविरों में विशाल राउत खोंगल चेयरमैन महावीर इंटरनेशनल लांजी , प्रवीण उमरे , भरत कालबेले, भूपेश कटरे, रामकुमार खरगाल, फनींद्र दुरुगकर,सिद्दीक अंसारी ,अंचल कालबेले, उमाकांत उपराडे ,दुर्गेश तिड़के,विजय कुथे, जग्गनाथ दादू नाकतोड़े ,प्रदीप अग्रवाल, तोमेश्वर बापुरे,भानु डोनाडकर ,इंद्रकुमार कावड़े, दिनेश बेदरे,संतोष तिड़के, भूपेश कार्हे, रूपेश बिहोने,डॉ संतोष रतोणे,, चंद्रदीप रामटेके बंटी जी अरशद खान, रोहन अस्तने,नंदकिशोर बिलावर,पवन उमरे,दिनेश लांडे, मुकेश कोल्हे,डॉ शैलेन्द्र रतोणे, कुणाल नाकतोड़े आदि ने की है।



# विवाह सम्मेलन 24 जून को बंगरा में होगा

**बंगरा/मऊरानीपुर।** ग्राम पठा में सोहन घोष की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आचार्य रामकिशोर आर्य के संयोजन में 24 जून को गायत्री शक्तिपीठ बंगरा पर होने वाले सर्वजातीय 108 कन्याओं के आदर्श विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिये विचार विमर्श हुआ। बैठक में पं. शिवाकान्त पस्तोर ने विगत वर्षो में हुये विवाह सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा इसमें धन व समय की बचत होती है। यह बहुत ही पुनीत कार्य हैं। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। रविकान्त आर्य ने कहा सम्मेलन में विवाह योग्य जोडों के पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क है, लडका व लडकी पक्ष वालों को कोई पैसा नही लगना है। पंजीयन की अन्तिम तिथि 30 मार्च 2021 तक है। पंजीयन बृजमोहनसिंह परिहार एवं जयप्रकाश व्यास कर रहे है। बैठक में सभी ने रामकिशोर आर्य के कार्यों की प्रशंसा करते हुये सहयोग करने की बात कही। इस दौरान शिवदयाल कुशवाहा, पुष्पेन्द्र कुशवाहा, रंजीत भोजवाल, राहुल भोजवाल, दीपक दीक्षित, चन्द्रकान्त पाठक, विवेक आर्य, अनन्दी कुशवाहा, नन्दकिशोर आर्य, मातादीन आर्य, भोलाराम पठा, महेश कोरी, मातादीन, सुनील सेहारिया, गंगाराम आर्य, धर्मेन्द्र आर्य, खरगायी नकडा, लखन कुशवाहा आदि उपस्थित रहे ।



# भाजपाइयों ने गावो में लगाई चौपाल

**(मऊरानीपुर)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम पठा-करका, चौकरी, गैराहा, रजपुरा, मगरवारा, कचनेव बंगरा-धवा, लारौन, पडरा, आदि ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन जिलामहामंत्री अरूणसिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में किया गया द्य चौपाल में ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें कृषि कर्जमाफी योजना, मुदा योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय मिशनशक्ति, आयुष्यमान योजना, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताकर पहुंचाने की बात कही। चौपाल में मण्डल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुशवाहा, वार्ड संयोजक सोहन घोष, रंजीत भोजवाल, वीरेन्द्र नायक, रामकिशोर आर्य नवाब सिंह चौकरी, रविकान्त आर्य, गजेन्द्र सिंह, सुखराम कुशवाहा, अशोक कुमार, शंभूदयाल, महेश कुमार, कालकाप्रसाद, मनोज कुशवाहा, छन्दीलाल कुशवाहा, सुभाष अहिरवार, अनेन्द्रपाल सिंह परिहार, सुनील सेहारिया, रामप्रताप जादौन, बृजेश साह, रणकेंद्र सिंह, भगवानदास कुशवाहा, दीनदयाल पांचाल सहित बूथ अध्यक्ष, सेक्टर, प्रभारी, सेक्टर संयोजक तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कॉग्रेस ब्लॉक कार्यकारणी का गठन

मऊरानीपुर (झाँसी ) कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया । ब्लॉक कॉग्रेसकमेटी मऊरानीपुर के अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता ने प्रेस को जारी की गई विज्ञप्ति में बताया कि लालाराम अहिरवार एडवोकेट , हरिश्चन्द्र रिछारिया ,रघुवीर यादव व रमेश चन्द्र नोटया को उपाध्यक्ष , कल्याण दास गुप्ता ,सरोज कुमार तिवारी , देवीप्रसाद अहिरवार, शम्भूदयाल कुशवाहा, बीरेंद्र सिंह यादव ,राजेंद्र सिंह राणा ,लल्लूराम कोरी ,ब्रजभूषण पटेल व जयप्रकाश खरे को महामंत्री , शंकर लाल रावत को कोषाध्यक्ष ,दयाराम राजपूत ,संतोष कुमार खरे ,राहुल अहिरवार ,कमलेश कुशवाहा व सन्तोष अहिरवार को सचिव मनोनीत किया गया है । कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस ग्राम पंचायत ,क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के चुनाव पूरे दमखम से लड़ेगी।

## एक शाम गौ माता के नाम



हासन- चंनरायपटणा कर्नाटक एक शाम गौ माता के नाम समस्त राजस्थान समाज के बंधूओ ने मिल जुल कर भजन संध्या का आयोजन किया गायक कलाकार जुगल किशोर परिहार एन्ड पार्टी एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति देकर श्रद्धालु ओ झुमने पर मजबूर कर दिया समाज के बंधूओ ने कलाकारो को पुष्पहार पहनाकर सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया प्रकाश जी जाट कहना है की एक शाम गौ माता के नाम गौ भक्तो ने प्रसादी ग्रहण करके भजनो का आनन्द लिया और दिल खोलकर अपना अपना गौ माता के लिए योगदान दिया सुजाराम जी सिरवी ने पुष्पहार पहनाकर सुरेश पटेल ने सॉल ओढ़ाकर प्रकाश जाट को सम्मानित करते हुये गोवर्धन देवासी महेन्द्र सिरवी धन्नजी पटेल चिमनाराम सिरवी मौजूद रहे

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## डीएम, एएसएसपी, सीडीओ ने तहसील एटा सदर में सुनीं जनसमस्याएं

एटा। जिलाधिकारी डॉ0 विभा चहल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजय प्रकाश ने तहसील एटा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनते हुए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। सरनऊ में पंचायतघर पर कब्जे मिलने की शिकायत का गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान लोहाखार ग्राम के डीलर द्वारा राशन की घटतौली करने की शिकायत पर डीएसओ को राशन पूरी मात्रा में वितरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरासत दर्ज के प्रकरणों को गंभीरता पूर्व निस्तारित किया जाए। पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए समस्त कार्यालयाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों का डाटा फीड कराना सुनिश्चित करें। तहसील एटा सदर में फरियादियो द्वारा कुल 93 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें से 11 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव कुमार ने तहसील अलीगंज में एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जनता की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 05 का निस्तारण किया गया। तहसील जलेसर में उप जिलाधिकारी एसपी वर्मा, तहसीलदार आरके त्यागी सहित अन्य अधिकारियों ने जन



समस्याओं को सुना। इस दौरान फरियादियो द्वारा 20 शिकायत निस्तारण हेतु प्रस्तुत की गई, जिसमें से 01 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय प्रकाश, सीएमओ डा0 अरविंद कुमार गर्ग, सीवीओ एसपी सिंह, एसडीएम सदर अबुल कलाम, डीडीओ एसएन सिंह कुशवाह, पीडी डीआरडीए निर्मल कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियंता जल निगम एएस भाटी, डीआईओएस मिथलेश कुमार, बीएसए संजय सिंह, डीपीआरओ आलोक कुमार प्रियदर्शी, डीएसओ राजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आपके द्वार आयुष्मान के अंतर्गत शिविरो का आयोजन 31 मार्च तक

## शिविरों आयोजन के लिए तिथियों का निर्धारण

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयुष्मान कार्ड के निर्माण में शत प्रतिशत उपलब्धता हेतु आपके द्वार आयुष्मान माह के अंतर्गत 31 मार्च 2021 तक शिविरों का आयोजन निर्धारित किया है। जिला पंचायत के सीईओ श्री राजेश शुक्ल ने बताया कि निर्धारित किये गये शिविरो के कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पंचायत/खण्ड स्तर पर 05 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जावेगे। सीईओ जनपद संलग्न जिला पंचायत श्री एसएस भटनागर को जनपद पंचायत/निकायों में आयोजित होने वाले शिविरो के सफल क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग का कार्य किया जावेगा। साथ ही प्रत्येक शिविर में बनाय जाने वाले आयुष्मान कार्डो की संख्या से जिला पंचायत सीईओ को अवगत कराया जावेगा। आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में निर्धारित किये गये शिविरों के कार्यक्रम के अंतर्गत यह शिविर 24 मार्च को प्रेमसर प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र पर, 25 मार्च को मानपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर, 26 मार्च कोदुर्गापुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एवं 27 मार्च को दांतरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिविर लगाये जावेगे। इसी प्रकार जिले की जनपद पंचायत विजयपुर के अंतर्गत 17 मार्च को रघुनाथपुर शासकीय माध्यमिक विद्यालय पर 18 मार्च को वीरपुर पंचायत भवन पर, 19 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसराम पर एवं 20 मार्च को अगरा हाई स्कूल पर शिविर लगाये जावेगे।

# निःशुल्क आयुष्मान कार्ड पाकर 375 व्यक्ति हो रहे प्रफुल्लित 'खुशियों की दास्ता'

**श्योपुर।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप श्योपुर जिले में आपके द्वार आयुष्मान कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था जिला प्रशासन के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही 31 मार्च तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किये जा रहे है। इस व्यवस्था के तहत आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम बरगवा में लगाये गये शिविर के दौरान 375 व्यक्ति निशुल्क आयुष्मान कार्ड प्राकर प्रफुल्लित हो रहे है।

कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा श्योपुर जिले में आपके द्वार आयुष्मान कार्यक्रम के तहत शिविरो का आयोजन 31 मार्च 2021 तक निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत दो दिवसीय शिविर का आयोजन आदिवासी बाहुल्य कस्बा ग्राम बरगवा में 375 व्यक्तियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शिविरों का पर्यवेक्षण जिला पंचायत के सीईओ श्री राजेश शुल्क एवं मुख्य चिकितत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल यादव द्वारा किया जा रहा है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल के वनाचल स्थित कस्बा ग्राम बरगवा में शिविर आयोजित करने की खबर क्षेत्र के



ग्रामीणों ने समाचार पत्र के माध्यम से पढी। इस खबर पर से जिला प्रशासन द्वारा बगरवा में आयोजित दो दिवसीय शिविर 15-16 मार्च 2021 में मंगली पटेरिया, श्री राकेश जाटव, श्रीमती रामप्यारी आदिवासी, श्री मान सिंह पटेरिया सहित 375 व्यक्ति निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पहुंचे। जब बरगवा के निवासी इन 04 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर में नाम पुकरो गये। साथ ही उनके शिविर में ही कार्ड बनाकर उपलब्ध कराये गये। तब इन 04 व्यक्तियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड गई। जिला प्रशासन की पहल पर आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम बगरवा में आयोजित आपके द्वार आयुष्मान कार्यक्रम में उपस्थित बरगवा के निवासी मंगली पटेरिया, श्री राकेश जाटव, श्रीमती रामप्यारी आदिवासी, श्री मान सिंह पटेरिया ने बताया कि मप्र सरकार के माध्यम से एक वर्ष में 05 लाख रूपये तक का इलाज कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सुविधा प्रदान की गई है। इन चारो व्यक्तियों ने बताया कि हमारे सहित 375 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड शिविर में ही बनाकर प्रदान किये गये है। जिससे हमें उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। हम श्रीमती मंगली पटेरिया, श्री राकेश जाटव, श्रीमती रामप्यारी आदिवासी, श्री मान सिंह पटेरिया कार्ड बनाकर प्रदान करने की सुविधा से प्रफुल्लित है। हमारे परिवारों में भी कार्ड बनने से खुशी की लहर दौड गई है। अब हमें बीमारी की अवस्था में उपचार लेने की व्यवस्था मप्र सरकार, जिला प्रशासन, ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से की गई है। जिसके लिए हमारा परिवार आभारी है।

# आयुक्त की अध्यक्षता में गूगल मीट 19 मार्च को

**श्योपुर।** ग्वालियर एंव चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में गूगल मीट का आयोजन 19 मार्च 2021 को प्रातः 11 बजे से किया गया है। इस दिशा में चंबल संभाग के कलेक्टर श्योपुर, मुरैना, भिण्ड एवं सीईओ जिला पंचायत श्योपुर, मुरैना, भिण्ड और चंबल संभाग के समस्त सभागीय अधिकारियों, जिला अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के माध्यम से कार्यो की समीक्षा की जावेगी। चंबल संभाग के संयुक्त आयुक्त श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इस गूगल मीट समीक्षा बैठक में प्रथम घंटे के दौरान समस्त संभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की समीक्षा एवं द्वितीय चरण में जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ चर्चा तथा बैठक के अंतिम चरण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं की समीक्षा की जावेगी। जिसमें सीईओ जनपद भी उपस्थित रहेगे।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## सम्पादकीय

### हड़ताल से सबक

बैंकों की हड़ताल पहले ही दिन चुभती हुई लगी। आखिर ऐसी नौबत क्यों आई? करीब दस लाख बैंककर्मियों की हड़ताल साफ तौर पर संकेत है कि बैंकों के निजीकरण की राह आसान नहीं है। पीएसयू बैंक संघ की हड़ताल के पहले ही दिन देश भर में बैंकिंग सेवाओं जैसे नकद निकासी, जमा, चेक और व्यापारिक लेन-देन पर असर पड़ा है। यूएफबीयू, नौ श्रमिक संघों का मिला-जुला मंच है, जिसने पिछले महीने ही 15 और 16 मार्च को हड़ताल का आह्वान कर दिया था। उन्हें मनाने की कोई ठोस कोशिश नजर नहीं आई, तो इससे निजीकरण के प्रति सरकार की दृढ़ता का पता चलता है। बैंककर्मियों को मनाने के लिए हुई तीन बैठकें बेनतीजा रही हैं। आज भी अगर बैंकों की हड़ताल जारी रही और कामकाज प्रभावित हुआ, तो सरकार को गंभीर होना पड़ेगा। आज देश जिस मोड़ पर है, वहां किसी भी तरह की हड़ताल अर्थव्यवस्था के लिए दुखदाई है। पिछले महीने पेश किए गए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार की विनिवेश योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों के निजीकरण की घोषणा की थी। उसके बाद से ही बैंककर्मियों में हलचल है। ज्यादातर बैंक कर्मचारियों को लगता है कि अगर वे आज चुप रहे, तो कल उनके बैंकों का भी निजीकरण होगा। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की नीतियों का अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ने वाला है। देश में अनेक जगह कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन भी किए हैं। एक बड़ा खतरा यह भी है कि मांग न माने जाने की स्थिति में बैंककर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल के बारे में भी सोच रहे हैं। यह हड़ताल या आंदोलन किसान आंदोलन की तर्ज पर चलाने की चर्चा है। बैंककर्मी अपने ग्राहकों को भी यह बताना चाहते हैं कि बैंकों के निजीकरण की कोशिश कैसे सेवाओं को प्रभावित करेगी। बैंककर्मी अपनी मांग को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं और यह शासन-प्रशासन के लिए चिंता की वजह बने, तो ही सार है। उनकी मांग है कि सरकार निजीकरण की घोषणा वापस ले। अब सरकार के लिए सोचने वाली बात है कि हड़ताल या आंदोलन का मोर्चा खुल रहा है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण मोर्चा है, जहां समस्याएं बढ़ीं, तो अर्थव्यवस्था के लिए बहुत मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी। यह विवाद इतना सहज नहीं है, जितना लगता है। देश में विरोध का हक सबको है, लेकिन सरकारी बैंकों की हड़ताल से किसे फायदा होगा, यह भी बैंककर्मियों के संगठनों को सोचना चाहिए। लंबी हड़ताल सरकारी बैंकों के व्यवसाय पर असर डालेगी और ग्राहकों को निजी बैंकों की ओर जाने के लिए मजबूर करेगी। बैंकों को अपनी बात रखते हुए यह ध्यान रखना चाहिए कि जरूरतमंद ग्राहकों को ज्यादा परेशानी न हो। ग्राहक ही किसी बैंक को मजबूत करते हैं, लेकिन ऐसी हड़ताल से ग्राहकों को ही सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसके साथ ही, सरकार को बैंककर्मियों का विश्वास जीतना चाहिए। निजीकरण से बचना आसान नहीं है, लेकिन अगर कर्मचारियों को विश्वास दिला दिया जाए कि निजीकरण से उनके हित प्रभावित नहीं होंगे, तो वे मान जाएंगे। क्या यह संभव है? निजी क्षेत्र आखिर क्यों लोगों का विश्वास नहीं जीत पा रहा है? सरकारी नौकरी क्यों ज्यादातर लोगों की पहली पसंद है? यह एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब हमारी सरकारें ही खोज सकती हैं।

# चंडी पाठ और चोट के सियासी मायने

**राज्य की जमीनी सच्चाई बहुत तेजी से बदल जाती है। पिछले 20-25 दिनों के घटनाक्रम से ही वाम-कांग्रेस-आईएसएफ गठबंधन अचानक से सुर्खियों में आ गया है, जिसके कारण पूरे पश्चिम बंगाल का चुनाव त्रिकोणीय बनता दिख रहा है। दरअसल, रोजगार की मांग को लेकर 11 फरवरी को हुए मार्च में लाठीचार्ज होने से डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया का एक नेता गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई। इस घटना से सीपीएम समर्थकों में लड़ने का नया जज्बा आ गया है। नौजवानों को पार्टी ने कितनी तवज्जो दी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब 60 फीसदी उम्मीदवारों की उम्र 40 वर्ष से कम है। वामपंथी युवाओं की इस ऊर्जा को कांग्रेस का साथ मिला है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 5.67 फीसदी वोट मिले थे और दो सीटें उसके खाते में आई थीं, जबकि 6.33 फीसदी वोट हासिल करने के बावजूद वाम मोर्चा एक भी सीट नहीं जीत सका था। इसकी वजह यह थी कि कांग्रेस के समर्थकों ने एकमुश्त वोट दिया था। अगर इस गणित के आधार पर विधानसभा चुनाव की गणना करें, तो करीब 25 सीटों पर कांग्रेस आगे मानी जाएगी। वाम दलों और आईएसएफ के साथ समझौता होने के बाद उसकी उम्मीदें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि यदि वाम दल 15-20 सीटें जीत सके और आईएसएफ दो-तीन सीटें भी ला सका, तो इन 25 सीटों के साथ यह गठबंधन करीब 50 विधानसभा सीटों पर कब्जा कर सकता है। इसके मजबूत संकेत इसलिए भी मिलते हैं, क्योंकि 28 फरवरी को बिग्रेड मैदान में आयोजित गठबंधन की रैली में अप्रत्याशित रूप से लाखों की भीड़ जुटी थी, जो इस चुनाव में अब तक का रिकॉर्ड है। बेशक रैली में शामिल सभी लोग मतदान नहीं करते, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 39 फीसदी परंपरागत वाम समर्थकों ने भाजपा को वोट दिया था।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का चोटिल होना विधानसभा चुनाव का संभवतः एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया की मानें, तो वह गाड़ी में बैठी थीं और उनका पांव बाहर था, जिसके कारण दरवाजा बंद करते वक्त उन्हें चोट लग गई। मगर तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि चार-पांच लोगों ने उन्हें धक्का दिया है। पार्टी ने यह भी कहा है कि हादसे के वक्त ममता बनर्जी के साथ सुरक्षाकर्मियों का न होना उनके खिलाफ साजिश है। आम लोग इस तर्क से पूरी तरह सहमत नहीं दिख रहे। उनका मानना है कि प्रोटोकॉल के तहत मुख्यमंत्री के संग सुरक्षाकर्मी जरूर होंगे। हां, ममता चूंकि अपना सुरक्षा घेरा तोड़कर समर्थकों के बीच जाती रही हैं, इसलिए यह एक सामान्य दुर्घटना हो सकती है। इसी कारण, भाजपा और कांग्रेस जैसे दल भी इस घटना को 'सियासी ड्रामा' बता रहे हैं, जिसका जवाब तृणमूल कांग्रेस की तरफ से लगातार दिया जा रहा है। इस घटना के बाद नंदीग्राम का चुनावी संग्राम और ज्यादा दिलचस्प बन गया है। निस्संदेह, यहां का मुकाबला एकतरफा नहीं है। बीते दिसंबर में जब तृणमूल का साथ छोड़कर शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए थे, तब उसके तुरंत बाद ममता बनर्जी ने यहां से चुनाव लड़ने का एलान कर दिया था। बेशक कई ऐसी सीटें हैं, जहां से तृणमूल संस्थापक आसानी से जीत सकती हैं, मगर लगता है कि उन्हें यहां के 30-35 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं पर पूरा-पूरा भरोसा है। फिर जनता की इस उलझन का लाभ भी उन्हें मिल सकता है कि तृणमूल सरकार में परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभाग समेत तीन-तीन मंत्रालय संभालने वाले शुभेंदु अचानक से भाजपा में क्यों चले गए, जबकि उन्हें पार्टी में पर्याप्त तवज्जो मिल रही थी? लोग नारदा घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता को इस दलबदल की वजह मान रहे हैं। फिर तृणमूल कांग्रेस पूरी जी जान भी यहां लगा रही है, क्योंकि उसकी मुखिया यहां से उम्मीदवार हैं। बावजूद इसके ममता बनर्जी की राह बहुत आसान नहीं है। नंदीग्राम आंदोलन में शुभेंदु भी एक महत्वपूर्ण चेहरा थे और पूर्वी मिदनापुर उनका गृह जिला भी है, जिसके अंतर्गत यह सीट आती है। इसके अलावा, वाम मोर्चा, कांग्रेस और इंडियन सेक्यूलर फ्रंट यानी आईएसएफ का गठबंधन भी मुकाबले को मुश्किल बना रहा है। हालांकि, माना यही जा रहा है कि मुख्यमंत्री का खुद मैदान में होना, अखिल गिरी जैसे तृणमूल नेता का नंदीग्राम में प्रभाव और आईएसएफ के बजाय सीपीएम का यहां से चुनाव लड़ना ममता बनर्जी के हित में है। करिश्माई व लड़ाकू छवि और अखिल भारतीय चेहरा भी मुख्यमंत्री के पक्ष में जाता दिख रहा है। हालांकि, इस राज्य की जमीनी सच्चाई बहुत तेजी से बदल जाती है। पिछले 20-25 दिनों के घटनाक्रम से ही वाम-कांग्रेस-आईएसएफ गठबंधन अचानक से सुर्खियों में आ गया है, जिसके कारण पूरे पश्चिम बंगाल का चुनाव त्रिकोणीय बनता दिख रहा है। दरअसल, रोजगार की मांग को लेकर 11 फरवरी को हुए मार्च में लाठीचार्ज होने से डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया का एक नेता गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई। इस घटना से सीपीएम समर्थकों में लड़ने का नया जज्बा आ गया है। नौजवानों को पार्टी ने कितनी तवज्जो दी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब 60 फीसदी उम्मीदवारों की उम्र 40 वर्ष से कम है। वामपंथी युवाओं की इस ऊर्जा को कांग्रेस का साथ मिला है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 5.67 फीसदी वोट मिले थे और दो सीटें उसके खाते में आई थीं, जबकि 6.33 फीसदी वोट हासिल करने के बावजूद वाम मोर्चा एक भी सीट नहीं जीत सका था। इसकी वजह यह थी कि कांग्रेस के समर्थकों ने एकमुश्त वोट दिया था। अगर इस गणित के आधार पर विधानसभा चुनाव की गणना करें, तो करीब 25 सीटों पर कांग्रेस आगे मानी जाएगी। वाम दलों और आईएसएफ के साथ समझौता होने के बाद उसकी उम्मीदें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि यदि वाम दल 15-20 सीटें जीत सके और आईएसएफ दो-तीन सीटें भी ला सका, तो इन 25 सीटों के साथ यह गठबंधन करीब 50 विधानसभा सीटों पर कब्जा कर सकता है। इसके मजबूत संकेत इसलिए भी मिलते हैं, क्योंकि 28 फरवरी को बिग्रेड मैदान में आयोजित गठबंधन की रैली में अप्रत्याशित रूप से लाखों की भीड़ जुटी थी, जो इस चुनाव में अब तक का रिकॉर्ड है। बेशक रैली में शामिल सभी लोग मतदान नहीं करते, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 39 फीसदी परंपरागत वाम समर्थकों ने भाजपा को वोट दिया था। अनुमान है कि यदि 10 फीसदी मतदाता भी वापस लौट आए, तो राजनीतिक समीकरण बदल जाएगा। भले ही यह गठबंधन अभी सरकार बनाने की नहीं सोच रहा होगा, लेकिन त्रिशंकु विधानसभा की सूरत में यह अपने लिए महत्वपूर्ण जगह जरूर देख रहा होगा। इस गठबंधन का 'पहचान की राजनीति' करना भी इसी रणनीति का हिस्सा है। वामपंथी पहली बार ऐसा करते दिख रहे हैं। राज्य के 28 फीसदी मुस्लिम वोटरों के साथ-साथ दलित, आदिवासी व वंचित तबकों के मतदाताओं पर उनकी नजर है। हालांकि, यहां धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति तृणमूल और भाजपा कहीं मजबूती से कर रही है। ममता सरकार अपने पूरे कार्यकाल में मुस्लिम तुष्टीकरण में लगी रही, जिसके जवाब में भाजपा 'हिंदू कार्ड' खेल रही है।

# हमें लॉकडाउन से आगे सोचना होगा

भारत में कोरोना का संक्रमण फिर से बढ़ने लगा है। गुरुवार को देश भर में 23,285 नए मामले सामने आए, जो 23 दिसंबर, 2020 के बाद एक दिन में नए मरीजों की सर्वाधिक संख्या है। इनमें से 60 फीसदी से अधिक (14,317 मामले) मरीज तो अकेले महाराष्ट्र में मिले हैं, जबकि केरल में 2,133 और पंजाब में 1,305 नए मरीजों का पता चला। रोजाना के मामलों में नई बढ़ोतरी कर्नाटक (783), गुजरात (710) और तमिलनाडु (685) जैसे राज्यों में भी दिख रही है। इस तरह से देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 1.97 लाख से ज्यादा हो गई है, जो कुल संक्रमित मरीजों का 1.74 प्रतिशत है। महाराष्ट्र को लेकर विशेष चिंता है। यहां 21 फरवरी को कोविड-19 मरीजों की संख्या 21 लाख को पार कर गई थी, पर 22 लाख के आंकड़े को छूने में इसे बमुश्किल 13 दिन लगे, जबकि 21 जनवरी को यह 20 लाख पर पहुंचा था। संक्रमण की इस बढ़ती रफ्तार के कारण ही नागपुर व अकोला जैसे इलाकों में लॉकडाउन लगाकर जनजीवन को रोक दिया गया है, और पुणे में रात्रिकालीन कर्फ्यू का एलान किया गया है। मुंबई में भी पॉजिटिविटी रेट (प्रति 100 जांच पर पॉजिटिव मामलों की दर) बढ़कर 7-7.5 फीसदी हो गई है और कहा गया है कि अगर यह दर 15 फीसदी के करीब पहुंच जाएगी, तो कई दूसरे प्रतिबंध आयद किए जाएंगे।

साफ है, संभलते हालात दोबारा से बिगड़ने लगे हैं। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। पहला कारण यह हो सकता है कि वायरस लगातार म्यूटेट (अपना चरित्र बदलना) कर रहा है। यह उसका नैसर्गिक गुण है। वह जितना अधिक फैलता है, उतना अधिक म्यूटेट करता है। अपने यहां हर महीने कम से कम दो बार वायरस अपना रूप बदल रहा है। चूंकि इसके संक्रमण को हम पूरी तरह से रोक नहीं पाए हैं, इसलिए इसका म्यूटेशन होता रहेगा। उल्लेखनीय है कि म्यूटेट वायरस फिर से पूरी आबादी के लिए खतरा बन जाता है। इससे संक्रमण का एक नया चरण आ सकता है। पिछली सदी के स्पेनिश फ्लू में हमने यह देखा था कि संक्रमण का दूसरा दौर जान-माल का भारी नुकसान दे गया।

दूसरा कारण यह हो सकता है कि हमारे शरीर में इसके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो गई हो। छह-सात महीने में इसका खत्म होना स्वाभाविक है। हमारी तकरीबन 55-60 फीसदी आबादी इस वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित कर चुकी थी। चूंकि महाराष्ट्र, केरल, दिल्ली जैसे राज्यों में शुरुआत में ही वायरस का प्रसार हो गया था, इसलिए बहुत मुमकिन है कि यहां 'हर्ड इम्यूनिटी' (करीब 60-70 फीसदी जनसंख्या में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाने की स्थिति) खत्म हो गई हो। नतीजतन, लोग फिर से संक्रमित होने लगे हैं। कई ऐसे मामले सामने आए भी हैं, जिनमें एक बार कोरोना से ठीक हुआ मरीज दोबारा इसकी गिरफ्त में आ गया है। ऐसे में, फिर से सीरो सर्वे कराने की जरूरत आन पड़ी है। इसमें ब्लड सीरम की जांच करके यह पता लगाया जाता है कि कोई आबादी वायरस से किस हद तक लड़ चुकी है। अब तक तीन देशव्यापी सर्वे हो चुके हैं। भले ही हर सर्वे में वायरस के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती दिखी, लेकिन जिस रफ्तार से इसके बढ़ने का अनुमान लगाया गया था, वह हो नहीं सका। यह बताता है कि मानव शरीर में एंटीबॉडी संभवतः खत्म हो रही है।

तीसरी वजह यह हो सकती है कि नए इलाकों में संक्रमण का प्रसार हो रहा होगा। महाराष्ट्र में अमरावती और नागपुर जैसे क्षेत्रों से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं, जबकि कभी धारावी जैसे इलाके कोविड-19 का केंद्र हुआ करते थे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी पूर्वी हिस्से की तुलना में मध्य दिल्ली और बाहरी सीमावर्ती इलाकों से अधिक मरीज मिलने के अनुमान हैं। इसका यह मतलब है कि जिन्हें पहले यह रोग नहीं हुआ है, उन पर खतरा कहीं ज्यादा है। हालांकि, संक्रमण की नई लहर नवजात शिशुओं की संख्या बढ़ने से भी आ सकती है, लेकिन कोरोना का नवजातों और बच्चों में अब तक कम असर दिखा है। मानवीय गतिविधियों के बढ़ने के कारण भी उछाल आए हो सकते हैं। भले ही अनलॉक की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से की गई, लेकिन अब सारा आर्थिक जनजीवन पटरी पर लौट आया है। इस कारण बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। अच्छी बात यह है कि अपने यहां मृत्यु-दर अब भी कम है। यह 1.5 फीसदी के आसपास रुकी हुई है, जो संकेत है कि संक्रमण में यह उछाल जानलेवा नहीं है। यह हमारी बेहतर होती चिकित्सा व्यवस्था व स्वास्थ्य सेवाओं का नतीजा है। बहरहाल, वैज्ञानिक नजरिए से देखें, तो अब लॉकडाउन से संक्रमण को थामना मुश्किल है। बेशक पिछले साल इसी उपाय पर हमारा पूरा जोर था, लेकिन इसका फायदा यह मिला कि कोरोना के खिलाफ हमने अपनी तैयारी चाक-चौबंद कर ली। अस्पतालों की सेहत सुधार ली। लेकिन अब ऐसी कोई जरूरत नहीं है।

सावधानी ही बचाव का सबसे जरूरी उपाय है। मास्क पहनना, शारीरिक दूरी का पालन करना और सार्वजनिक जगहों पर जाने से बचना कहीं ज्यादा जरूरी है। हमें 'न्यू नॉर्मल' को अपनाना ही होगा। कोरोना संक्रमण के शुरुआती महीनों में इन पर ध्यान तो दिया गया था, लेकिन अब लापरवाही बरती जाने लगी है। यह काफी खतरनाक हो सकता है। कई लोग 'न्यू नॉर्मल' के नीरस होने का बहाना बनाते हैं, क्योंकि उन्होंने यह धारणा बना ली है कि इसमें उन्हें घर में कैद होना पड़ेगा। ऐसा कतई नहीं है। मानसिक और सामाजिक सेहत के लिए हमारा घर से बाहर निकलना जरूरी है। मगर हां, निकलते वक्त हमें पूरी सावधानी बरतनी होगी। टीकाकरण भी फायदेमंद उपाय है और इस पर खास तौर से ध्यान दिया जा रहा है। मगर हाल के महीनों में पूरी आबादी को टीका लग पाना संभव नहीं है। इसके अलावा, यह भी अब तक साफ नहीं हो सका है कि टीका लेने मात्र से कोरोना से सुरक्षा संभव है। इसलिए बचाव के बुनियादी उपायों को अपने जीवन में ढालना ही होगा। तभी इस वायरस का हम सफल मुकाबला कर सकेंगे।

## माँ



मां की  
संरचना का  
अंश मैं,  
उनके दर्शन में  
ईश्वर,  
पुर्ण ब्रम्ह।  
माँ,  
में समाहित  
मैं,  
पूरी सृष्टी  
माँ,  
ईक  
भव्यता।  
माँ,  
होती,  
सब होता,  
न होती,  
सब रीता,  
मिथ्या,कुछ न होता,  
माँ,  
आराधना,  
मैं पूजक,  
आराध्या  
जननी,  
माँ ।  
माँ,  
प्रातः,  
संध्या,  
निशा, स्वप्न,  
स्मृतियों में  
सब कुछ,  
माँ, माते ।

संजीव ठाकुर,अन्तराष्ट्रीय कवि,  
रायपुर,छ.ग .  
9009 415 415

मां की  
संरचना का  
अंश मैं,  
उनके दर्शन में  
ईश्वर,  
पुर्ण ब्रम्ह।  
माँ,  
में समाहित  
मैं,  
पूरी सृष्टी  
माँ,  
ईक  
भव्यता।  
माँ,  
होती,  
सब होता,  
न होती,  
सब रीता,  
मिथ्या,कुछ न होता,  
माँ,  
आराधना,  
मैं पूजक,  
आराध्या  
जननी,  
माँ ।  
माँ,  
प्रातः,  
संध्या,  
निशा, स्वप्न,  
स्मृतियों में  
सब कुछ,  
माँ, माते ।

**संजीव ठाकुर,अन्तराष्ट्रीय कवि, रायपुर,छ.ग .**  
**9009 415 415**

## होली आई होली आई



रंग भरा दिन ले आई,  
चाचा खेलें चाची खेलें,  
मौसा खेलें मौसी खेलें  
मौसम ने भी ली अंगड़ाई।  
घर आँगन सब रंगे हुए है,  
सबके चेहरे सने हुए है,  
राजा भैया नाच रहे हैं,  
छोटू भैया झांक रहे है  
सबने मिलकर धूम मचाई।  
होली आई होली आई ।।  
मम्मी पापा रंगे हुए है  
छोटू भैया डरे हुए है  
अब डर कहे का बोले पापा,  
दोस्त तुम्हारे कहते आजा,  
रंग भरे गुब्बारे लेकर  
निकल पड़े अब छोटू भाई ।  
होली आई होली आई।।  
ताऊ आएं ताई आएं  
संग अबीर गुलाल ले आएं,  
सबने खेली जम कर होली ,  
बाहर निकल दादी जी बोली ,  
बंद करो अब हँसी ठिठोली ,  
खाओ बच्चों अब मिठाई ।  
होली आई होली आई।

प्रस्तुत रचना मौलिक और स्वरचित है  
**डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव**  
**राव गंज ,कालपी ,जालौन**

# महामारी में समाज का सेल्फी क्षण

स्वास्थ्य सेवा में लगे लोगों के बाद वैक्सीन का रास्ता अब आम लोगों के लिए खुल गया है। बेशक, अभी टीकाकरण का हमारा पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर इतना बड़ा नहीं कि सभी लोगों को वैक्सीन लगाई जा सके, इसलिए प्राथमिकता वरिष्ठ नागरिकों को दी गई है। बाकी का नंबर बाद में आएगा। पूरे एक साल से सरकार के लॉकडाउन और परिवार की तमाम पाबंदियों के मनहूस बोझ में दबे उम्रदराज लोग बढ़-चढ़कर अस्पताल पहुंच रहे हैं। अब ऐसी खबरें अखबारों में नहीं दिख रहीं कि सिर्फ इतने प्रतिशत लोग टीका लगवाने पहुंचे। अखबारों और टेलीविजन की खबरों से अलग अगर हम सोशल मीडिया पर देखें, तो वहां इस टीकाकरण का एक अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। महामारी से त्रस्त समाज का यह सेल्फी क्षण है। हर रोज टीकाकरण की ढेर सारी सेल्फी सोशल मीडिया पर चिपकाई जा रही हैं। लोग टीका लगवा रहे हैं और सेल्फी खींच रहे हैं। सेल्फी मास्क लगाकर नहीं खिंचवाई जाती, इसलिए सुई चुभने के उस नाजुक क्षण में जब स्मार्टफोन का कैमरा क्लिक करने जा रहा होता है, तो सावधानी के सारे निर्देश ताक पर रख दिए जाते हैं और मास्क थोड़ी देर के लिए नीचे सरक जाता है। महामारी के भय से जिस मास्क को पूरे एक साल से चेहरे पर चिपकाए रखा था, वह अस्पताल की उस इमारत में थोड़ी देर के लिए हट जाता है, जो कोरोना संक्रमण के लिहाज से सबसे ज्यादा आशंकाओं वाली जगह मानी जा सकती है। सेल्फी के लिए कुछ जोखिम तो लेना ही पड़ता है! जो लोग छत से लटककर, नदी में कूदकर, शेर की पीठ पर हाथ रखकर या सांप के साथ खड़े होकर सेल्फी लेते हैं, वे भी तो आखिर यही करते हैं। दिल्ली में ट्रैफिक का एक नया नियम यह है कि अगर आप शीशे बंद करके भी कार चला रहे हैं और आपने मास्क नहीं लगाया है, तो आपको दो हजार रुपये बतौर जुर्माना देना पड़ सकता है। लेकिन अगर वैक्सीन लगवाते समय मास्क नहीं लगाया, तो इसके लिए कोई जुर्माना नहीं है। अस्पताल तो एक तरह से इसे प्रोत्साहित ही कर रहे हैं। कई अस्पतालों ने तो बाकायदा सेल्फी बूथ ही बनवा दिया है। टीका लगवाएं और वहां खड़े होकर फोटो खिचवाएं, आपके साथ ही सोशल मीडिया पर अस्पताल को भी थोड़ा प्रचार मिल जाएगा। ठीक यहीं पर हमें लंदन के अखबार द टाइम्स की लेखिका जेनिस टर्नर के पछतावे को भी देखना होगा। उन्हें दुख है कि उन्होंने कोविड-19 टीके के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अस्पताल को चुना, उनके वे दोस्त ज्यादा चतुर निकले, जिन्होंने इसके लिए कैथेड्रल और एक्सेल सेंटर जैसी जगहों को चुना। ज्यादा अच्छी जगह, यानी ज्यादा अच्छी सेल्फी। खैर, भारत में ऐसे विकल्प नहीं हैं। यहां बस दो ही विकल्प हैं- सरकारी अस्ताल या निजी अस्पताल। आप अपनी पसंद, सुविधा और जेब के अनुसार यह चुन सकते हैं कि आपकी वैक्सीन सेल्फी कहां खिंचेगी? इसे आप एक तरह का फैशन भी कह सकते हैं और भेड़चाल भी, जो कि यह है भी। इसे अच्छा मानें या बुरा, लेकिन सेल्फी 21वीं सदी के समाज की सबसे अभिन्न हमसफर बन चुकी है। हर अवसर पर सेल्फी होती है, हर उत्सव में सेल्फी होती है। सेल्फी हर अवसर को उत्सव में बदल देती है। कोरोना टीकाकरण भी इसी तरह का एक मौका है, जिसे हमने एक उत्सव में बदल दिया है। अमेरिका में तो सरकार टीकाकरण से ज्यादा बड़ी उम्मीद सेल्फी से बांध रही है। कई पश्चिमी देशों की तरह ही वहां दिक्कत वैक्सीन को लेकर उभर रही दो प्रवृत्तियों से है। इनमें से एक है, वैक्सीन का विरोध और दूसरा है, इसे लेकर हिचक, जिसे 'वैक्सीन हेजीटेन्सी' कहा जाता है। अमेरिका, जर्मनी जैसे कई देशों में कुछ ऐसे लोग और संगठन काफी मुखर हैं, जो वैक्सीन की अवधारणा को ही गलत मानते हैं। भले ही ये लोग संख्या में बहुत ज्यादा नहीं हैं, लेकिन वे सिर्फ वैक्सीन का विरोध नहीं करते, बल्कि उसके खिलाफ तरह-तरह का दुष्प्रचार भी करते हैं। तमाम अफवाहें भी फैलाते हैं। कुछ इसके असर की वजह से और कुछ अपनी आशंकाओं के चलते। ऐसे लोगों की संख्या काफी ज्यादा है, जो अभी कोविड-19 की वैक्सीन लगवाने से हिचक रहे हैं। वे वैक्सीन विरोधी नहीं है, लेकिन कुछ अनजाने से डर हैं, जो उन्हें वैक्सीन से दूर रखे हुए हैं। सरकार का मानना है कि सेल्फी ऐसे लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने का काम कर सकती है। जब वे सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों को वैक्सीन लगवाते देखेंगे, तो उनकी आशंकाएं खत्म हो सकती हैं। जहां तर्क काम न कर रहे हों, वहां वहम का मुकाबला किसी भेड़चाल से करने में आखिर बुराई ही क्या है? इजरायल में वैक्सीनेशन का काम लगभग पूरा हो चुका है और ब्रिटेन में यह काम जुलाई तक पूरा हो जाएगा। यानी इजरायल में लगभग पूरे देश को वैक्सीन सेल्फी खिंचवाने का मौका मिल चुका है, ब्रिटेन में अगले चार महीनों में पूरी आबादी को यह मौका मिल सकेगा। अमेरिका में भी यह काम साल खत्म होते-होते पूरा हो जाएगा। लेकिन भारत में अगले दो साल में भी सभी लोगों को ऐसी सेल्फी खिंचवाने का मौका मिल पाएगा, यह अभी गारंटी के साथ नहीं कहा जा सकता। आबादी के अनुपात में टीकाकरण करने वाले बहुत कम हैं। यहां कुछ देर के लिए उन देशों के बारे में भी सोच लेना चाहिए, जिन्हें अब भी वैक्सीन का इंतजार है। वहां न तो अभी वैक्सीन पहुंची है और न ही उसे लगवाते समय सेल्फी खिंचवाने का अवसर पहुंचा है। सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर व्यूसिक ने कुछ ही दिनों पहले कहा था, 'आज की दुनिया में परमाणु हथियार हासिल करना आसान है, कोविड-19 की वैक्सीन हासिल करना काफी कठिन'। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीकाकरण के दूसरे दौर की शुरुआत जब दिल्ली के एम्स में टीका लगवाकर की, तो उस समय खींची गई उनकी तस्वीर शायद सबसे ज्यादा प्रसारित फोटो में से एक है।



स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इन्दर सिंह परमार ने अनुगूंज कार्यक्रम में मेंटोर्स को सम्मानित किया।

# छात्र-छात्राएँ सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएँ : राज्य मंत्री परमार

## अनुगूँज-2021 का हुआ शुभारंभ

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव होने के बाद छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ नृत्य शास्त्रीय संगीत और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाना चाहिए। राज्य मंत्री श्री परमार शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में आयोजित अनुगूँज कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे। श्री परमार ने कहा कि अनूगूंज 2021 के माध्यम से शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की धारणा बदली है। आने वाले समय में नई शिक्षा नीति में कार्य कर नये संकल्प के साथ तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान आधारित शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए सरकार के साथ-साथ शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के गंभीर प्रयासों की जरूरत है। राज्य मंत्री श्री परमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य आदर्श समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में बदलाव के साथ प्रदेश में 10 हजार स्कूलों का निर्माण करवाया जायेगा। पहले वर्ष 350 स्कूल भवनों का निर्माण होगा। शिक्षा के क्षेत्र में कला संस्कृति के सभी विषयों का समावेश कर शिक्षकों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। इससे एक अलग बदलाव का वातावरण देखने को मिलेगा एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। प्रमुख सचिव अरूण शमी राव ने अनुगूँज 2021 की परिकल्पना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ शास्त्रीय लोकनृत्य भी सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुगूँज 2021 कार्यक्रम में 11 विद्यालयों के 400 छात्र-छात्राएँ द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति दी जाएगी।

**नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियाँ-** अनुगूँज 2021 के प्रथम दिन प्रथम दिन जातक कथा पर आधारित नाटक निर्द्वन्द्व और मणिपुरी की लोककथा का नाट्य रूपांतरण मिजाओगी खोंगचट की आकर्षक प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर मेंटोर्स सुश्री श्रुति, धर्मेश, मेंटोर मॉरिस लाजरस, डॉ लता सिंह मुंशी, दयानिधि मोहन्ता, सुश्री बिंदु जुनेजा, सुश्री श्वेता देवेन्द्र, सुश्री क्षमा मालविया, मिलिंद दाभाड़े, के.जी. त्रिवेदी और सौरभ अनंत को सम्मानित किया गया।

# किसानों के गेहूँ का एक-एक दाना खरीदा जाएगाः मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के गेहूँ का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। सभी जिलों में गेहूँ उपार्जन की सभी व्यवस्थाएँ अग्रिम रूप से सुनिश्चित की गई है। किसानों को कोई परेशानी न हो, इसके लिये व्यापक प्रबंध किये जाकर उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेंगी। समय पर किसानों की फसल का उपार्जन हो और उपार्जन के बाद भुगतान में विलंब न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरे लिए एक-एक किसान महत्वपूर्ण है। किसी भी किसान का भुगतान रुकना नहीं चाहिए। उपार्जित फसल के तुरंत परिवहन की भी व्यवस्था की जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की सभी व्यवस्थाएँ प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। इंदौर एवं उज्जैन संभाग में 22 मार्च से और शेष संभागों में एक अप्रैल से गेहूँ उपार्जन का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गेहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन से कोई किसान चूके, नहीं इसके लिये पंजीयन की तिथि में दो बार वृद्धि भी की गई हैं।

**4763 उपार्जन केन्द्रों पर होगी खरीदी-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि पिछले वर्ष कोरोना काल में किसानों की सुविधा के लिये उपार्जन केन्द्रों की संख्या बढ़ाई गई थी। इस बार 4763 केंद्र पर उपार्जन की व्यवस्था की गई है। सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिये माकूल व्यवस्थाएँ भी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों से अपील की है कि वे निश्चिंत होकर अपना गेहूँ उपार्जन केन्द्रों पर लाए। सभी किसानों के गेहूँ का एक-एक दाना सरकार खरीदेगी। इस बार समर्थन मूल्य पर 125 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन का अनुमान है। अभी तक 24 लाख 58 हज़ार किसानों ने गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। इस बार गेहूँ का समर्थन मूल्य 1975 रुपए प्रति क्विंटल होगा। गत वर्ष यह 1925 रुपए प्रति क्विंटल था।

**अब तक 24 लाख 58 हजार किसानों ने कराया गेहूँ पंजीयन**

**चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 22 मार्च से-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 22 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा, जो 15 मई तक चलेगा। इस बार उपार्जन का कार्य मार्कफेड करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि चने का समर्थन मूल्य 5100 रूपये, सरसों का समर्थन मूल्य 4650 रूपये और मसूर का समर्थन मूल्य 5100 रूपये प्रति क्विंटल है। चने का उपार्जन 14 लाख 51 हजार टन, मसूर का एक लाख 37 हजार टन और सरसों का 3 लाख 90 हजार टन अनुमानित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि कोई भी किसान अपनी उपज को बेचने से वंचित न रहे और सभी किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर हो। किसान को भुगतान न होना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे दोषी व्यक्तियों की संपत्ति कुर्क की जाकर उन्हें जेल भेजें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन सहकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता संदिग्ध हो, उन्हें इस बार उपार्जन का कार्य न दिया जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गत वर्ष की तरह इस बार भी स्व-सहायता समूहों तथा कृषि उत्पादक समूहों को उपार्जन कार्य दिया जाएगा। गत वर्ष 39 उपार्जन केंद्रों पर स्व-सहायता समूहों एवं कृषि उत्पादक समूहों द्वारा 9 लाख 78 हज़ार 526 क्विंटल गेहूँ उपार्जित किया गया, जो कुल उत्पादन का 3 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर एक करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन का जो इतिहास रचा गया, उसके मूल में किसानों की कड़ी मेहनत है। प्रदेश के किसानों ने मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा भी हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में प्रदेश के इतिहास में समर्थन मूल्य पर हुई रिकार्ड खरीदी में सरकार द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं ने भी उत्प्रेरक की भूमिका निभाई।

## राजस्व मंत्री राजपूत द्वारा जैसीनगर में 1.25 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल।** राजस्व व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जैसीनगर विकासखंड की ग्राम पंचायतों में लगभग 1 करोड 25 लाख के विकास कार्यों की आधार शिला रखी। मंत्री श्री राजपूत ने ग्राम पंचायत चकेरी व करैया में 75 लाख की नल-जल योजना के भूमिपूजन किया। उन्होंने बरखुआमंहत में आँगनबाड़ी भवन, सी-सी सड़क, बाउंड्री-बाल आदि विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। उन्होंने करैया में स्थानीय लोगों की मांग पर स्कूल भवन की बाउण्ड्री बाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के आयोजन के लिये स्टेज निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राजपूत ने कहा कि नल-जल योजना में हर घर में पानी पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि सभी का कर्तव्य है कि पाईप लाईन रख-रखाव का व देखरेख अच्छी तरह से करते रहें। एक बार फिर उन्होंने ठेकेदारों को सचेत करते हुए कहा कि घटिया काम किसी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## संभल में पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार, सवा करोड़ रुपए की स्मैक बरामद

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से पुलिस ने सवा करोड़ रुपए की स्मैक बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश के घायल हो जाने की सूचना है। एसपी ने कहा, एक गाड़ी को रोका गया तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग की।जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। 3 को पकड़ा गया है।उनके पास स्मैक मिला है जिसकी कीमत लगभग 1.25 करोड़ रुपये संभल के एसपी ने बताया कि पुलिस ने एक गाड़ी को रोका तो गाड़ी में बैठे लड़कों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग से इसका जवाब दिया। इस दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के पास से पुलिस को स्मैक मिली है जिसकी कीमत 1.25 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

## पति को दूसरी औरत के साथ देखकर भड़की पत्नी, फिर बीच सड़क पर की जमकर की पिटाई



**मेरठ।** एक हॉस्पिटल संचालक को उसकी बीवी ने सौतन के साथ शॉपिंग करते हुए पकड़ लिया। बीवी ने पति और सौतन की बीच सड़क पर जमकर पिटाई की। उन्हें पुलिस को सौंप दिया। महिला ने नौचंदी थाने में तहरीर दी है। मेरठ में खरखौदा क्षेत्र में काशीराम कॉलोनी निवासी महिला का निकाह एक साल पहले शास्त्रीनगर सेक्टर-4 निवासी युवक से हुआ था। एक युवक हॉस्पिटल भी चलाता है। महिला के मुताबिक, उसे अपने पति पर कुछ दिनों से शक था। सोमवार सुबह वह पीछा करती हुई घर से निकल आई। शास्त्रीनगर सेक्टर-दो में उसने पति को गैर औरत के साथ देखा। वहां से उनका पीछा शुरू कर दिया।

**तलाक के नहीं दिखा पाया कागज-** नौचंदी क्षेत्र में नई सड़क स्थित एक दुकान पर कपड़े खरीदते वक्त महिला ने पति व सौतन को दबोच लिया। दोनों की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान नौचंदी पुलिस आ गई। पति ने पुलिस के सामने कहा कि वह पत्नी को पूर्व में तलाक दे चुका है। पुलिस उन्हें थाने पर ले गई। यहां पर पति तलाक से संबंधित कोई कागजात पुलिस को नहीं दिखा पाया। महिला ने पति के विरुद्ध घरेलू हिंसा की तहरीर दी है।

# चलते ऑटो में पति ने दो साथियों के साथ मिलकर की पत्नी की हत्या

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए युवक ने दो साथियों की मदद से चलते ऑटो में पत्नी की हत्या कर दी और शव को कोयला नगर एलीवेटेड हाईवे पर फेंक दिया। इसके बाद आरोपी पति ने थाने में सरेंडर कर दिया। वहीं, पुलिस ने आरोपी के दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि दंपति के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। पत्नी ने हरजे खर्चे का केस दाखिल किया था जिसमें सोमवार को कोर्ट का निर्णय आना था। आरोपी का कहना था कि पत्नी उसे प्रताड़ित करती थी। पुलिस देर शाम तक छानबीन में जुटी थी। डी ब्लॉक नया हनुमान मंदिर पनकी के पास रहने वाले ननके सिंह की बेटी ममता (32) की शादी 17 मई 2014 को मीरपुर कैंट निवासी धर्मेंद्र सिंह से हुई थी। शादी के दौरान धर्मेंद्र ने ममता को बताया था कि उसकी ट्रैवल एजेंसी है मगर बाद में पता चला कि वह किसी और की गाड़ी चलाता है। कुछ दोस्तों के साथ मिलकर ऑटो चलाने का काम भी करता था। इस पर ममता और धर्मेंद्र के बीच विवाद शुरू हो गया। ममता के पिता के मुताबिक बाद में पता चला कि धर्मेंद्र शराब का लती है। नशे में धुत होकर वह बेटी के साथ मारपीट करता रहा। शादी के पांच महीने बाद ही ममता उसे छोड़कर मायके चली आई। यहां उसने बच्चे को जन्म दिया। ममता ने धर्मेंद्र के खिलाफ हरजे खर्चे का केस कोर्ट में डाला हुआ था जिसकी सुनवाई पर दोनों कोर्ट में मिलते थे और दोनों के बीच बातचीत भी होती थी। हरजे खर्चे के मामले में कोर्ट एक बार पहले घर और पांच लाख रुपए देने का आदेश कर चुका था। जिसकी फिर से अपील हुई थी इस पर कोर्ट को सोमवार को अपना निर्णय देना था जिसे लेकर धर्मेंद्र परेशान था। फोन कर बुलाया था। ममता की छोटी बहन जूली के मुताबिक रविवार सुबह 11 बजे धर्मेंद्र ने बहन को फोन किया था। उससे कहा कि परिवार वाले मिलना चाहते हैं। वहीं पर हरजा खर्चा भी दे दिया जाएगा। उसने विजय नगर बुलाया था। घर के पास चौराहे तक जूली ने उसे छोड़ा। वहां से वह ऑटो करके विजय नगर चली गई। यहां पर धर्मेंद्र उसे मिला। वह भी ऑटो से था। उसने ममता को बैठा लिया। पुलिस को धर्मेंद्र ने पूछताछ में बताया कि लगभग 14 घंटे तक वह ममता को ऑटो में घुमाता रहा। उसके बाद गला कसकर हत्या कर दी।

**रेल बाजार थाने में पहुंचा, कहा-पत्नी को मार दिया-** घटना को अंजाम देने के बाद देर रात धर्मेंद्र रेलबाजार थाने पहुंचा और सिपाहियों को बताया कि मैंने पत्नी की हत्या कर दी है। यह सुनने के बाद पुलिस वालों के होश उड़ गए। आनन-फानन में इंस्पेक्टर समेत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। पनकी और चकेरी में पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। पति को गिरफ्तार कर लिया गया।

### इनका कहना है

पति समेत तीन को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। उसने दो साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। इनमें एक ऑटो चालक है। दंपति का काफी समय से विवाद चल रहा था। - **डॉ. अनिल कुमार, एसपी पश्चिम**

## रायबरेली में नहर में डूबकर दो छात्रों की मौत, शव बरामद

**रायबरेली।** रायबरेली में शारदा नहर में नहाने गए दो छात्रों की डूब कर मौत हो गई। मंगलवार की सुबह दोनों छात्रों के शवों को एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया । पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है। छात्रों के शव बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर निवासी आकाश त्रिपाठी 16 वर्ष पुत्र संजय त्रिपाठी व जामो थाना क्षेत्र के पूरे गोपी गांव निवासी मयंक तिवारी 17 वर्ष पुत्र ब्रजेश तिवारी शहर के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में इंटर के छात्र थे । और त्रिपुला चौराहे के पास ही स्थित मिश्रा हॉस्टल में रह कर के पढ़ाई कर रहे थे । रविवार को छुट्टी होने के कारण दोनों छात्र शारदा नहर में नहाने साइकिल से अपने एक दर्जन दोस्तों के साथ गए थे। नहाते समय दोनों छात्र नहर में जा डूब गए थे । साथी छात्रों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन असफल होने पर सूचना पुलिस को दी गई थी। आनन फानन मौके पर पहुंचे एसओ ब्रजेश कुमार राय व पुलिस टीम ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई। लेकिन छात्रों का पता नहीं चला तो तत्काल एसडीआरएफ की टीम को भी छात्रों की तलाश में लगाया गया । टीम द्वारा छात्रों की तलाश जारी रही। सोमवार को भी खसपरी के पास से लेकर ऊंचाहार तक टीम छात्रों की तलाश करती रही। लेकिन सफलता नहीं मिली तो आज सुबह ही टीम ने फिर से नहर में तलाश जारी रखी। आज सुबह करीब 9 बजे एक छात्र का शव मिलएरिया थाना क्षेत्र के बरखा पुर व दूसरे छात्र का शव मीरगंज गांव के पास से टीम ने बरामद कर लिया। छात्रों के शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है ।

# 23 क्लस्टर के बाद अब 8494 करोड़ के 30 क्लस्टर को मंजूरी शीघ्रः केन्द्रीय मंत्री गड़करी

## गरीब कामगारों के क्लस्टर को प्राथमिकता दी जाएगी, मंत्री श्री सखलेचा ने रखा मध्यप्रदेश का शानदार पक्ष

**भोपाल।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मध्यप्रदेश में चंदेरी और माहेश्वरी हैंडलूम के जैसे ही गरीब कारीगरों को रोजगार देने वाले पारम्परिक उत्पादों के क्लस्टर बनाकर उन्हें हर सम्भव मदद दी जाएगी। श्री गडकरी रविवार की रात स्टेट हेंगर पर राजधानी भोपाल के उद्यमियों की संक्षिप्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा और लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव भी इस अवसर पर मौजूद थे। श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी क्षमता का प्रयोग करें और सभी तरह से व्यावहारिक एमएसएमई क्लस्टर के प्रस्ताव भेजे। केंद्र सरकार एक माह की समय-सीमा में मंजूरी देगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के 23 क्लस्टर को हाल ही में मंजूरी दी गई है। मंत्री श्री सखलेचा ने अनुरोध किया कि केन्द्र के स्तर पर प्रदेश के 30 और क्लस्टर प्रस्तावों को मंजूरी दी जाए। श्री गडकरी ने कहा कि इसी माह इन प्रस्तावों को स्वीकृत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र इन क्लस्टर के विकास के लिए 8494 करोड़ रुपये मंजूर करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में जितनी क्षमता हो उतने प्रस्ताव भेजे, केन्द्र प्रत्येक व्यावहारिक प्रस्ताव को मंजूरी देगी। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मध्यप्रदेश के एमएसएमई मंत्री श्री सखलेचा की तारीफ करते हुए कहा कि उद्योगों में तकनीकी और विज्ञान को लेकर श्री सखलेचा की सोच से अब माहौल बदला है। उन्होंने कहा कि तकनीकी सेंटर के विकास के लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। इस बीच श्री सखलेचा ने बताया कि इंदौर में हाल ही में 700 एकड़ जमीन पर फर्नीचर क्लस्टर प्रारंभ किया गया है, जिसमें 12 हजार लोगों को सीधे रोजगार मिल रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र ही देश में सर्वाधिक रोजगार देने वाला है, जिससे देश आत्म निर्भर बनेगा।



**100 ड्रायविंग स्कूल और 52 व्हीकल फिटनेस सेंटर खुलेंगे-** केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट की मध्यप्रदेश में अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत मध्यप्रदेश सरकार के प्रस्ताव अनुसार 100 करोड़ रूपये की लागत से 100 ड्रायविंग स्कूल मंजूर किये गए है। उन्होंने बताया कि स्क्रैप पालिसी के तहत भी मध्यप्रदेश के सभी 52 जिलों में व्हीकल फिटनेस सेंटर भी खोले जाएंगे। इससे पहले मंत्री श्री गड़करी ने उद्योगपतियों के सुझाव भी सुनें। उन्होंने व्यवसाईयों से कहा कि वे अपनी 5 साल की बैलेंस सीट ठीक रखें और सरकार ऐसे उद्योगों को एनएसई में सूचीबद्ध कराने के साथ अपनी 10 प्रतिशत इक्यूटी देगी। उन्होंने कहा कि उर्जा पर होने वाले खर्च को उद्योगपति अपने परिसर में सोलर पैनल लगाकर कम कर सकते हैं और अपनी उत्पाद लागत को नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक से हाल ही में 4 हजार करोड़ रूपये का ऋण लिया गया है। उद्यमी स्टेट बैंक के माध्यम से योजना का फायदा ले सकते है। उन्होंने कहा कि छोटी इंडस्ट्रीज के भुगतान को समय-सीमा में करने की दिशा में केन्द्र सरकार अनेक कदम उठा रही है।

**5 हजार करोड़ रूपये दिए, 50 हजार करोड़ रूपये की सड़के मंजूर करने के संकेत-** श्री गड़करी ने बताया कि परिवहन और भंडारण लागत कम करने के भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राजमार्गों का तेजी से ?विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीएनजी और एलएनजी के वाहनों में उर्जा के रूप में भी इन लागतों को नियंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में लोक निर्माण विभाग को 3 हजार करोड़ रूपये और सीआरएफ के तहत 2 हजार करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि मध्यप्रदेश सरकार वन विभाग की क्लीयरेंस और भूमि अधिग्रहण कर देती है तो दिसम्बर में 50 हजार करोड़ रूपये की सड़कों को मंजूरी दी जा सकती है।

### सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में

# 15वीं अंतर सीमांत कमाण्डो प्रतियोगिता शुरू






**ग्वालियर।** टेकनपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल अकादमी में मंगलवार को 15वीं अंतर सीमांत कमाण्डो प्रतियोगिता-2021 शुरू हुई। महानिरीक्षक एवं अकादमी के संयुक्त निदेशक श्री रामअवतार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 20 मार्च तक चलेगी। प्रतियोगिता में सीमा सुरक्षा बल के विभिन्न फ्रंटियरों की 10 टीमों में शामिल कुल 220 कमाण्डोज भाग ले रहे हैं। चार चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के प्रथम चरण में ब्रीफिंग, दूसरे चरण में कॉन्फीडेंस कोर्स, तीसरे चरण में फायरिंग और अंतिम चरण में स्मॉल टीम ऑपरेशन जैसी गतिविधियाँ होंगीं।
प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर संयुक्त निदेशक श्री रामअवतार ने बताया कि इस स्पर्धा में कमाण्डोज की शारीरिक, मानसिक एवं निशानेबाजी में दक्षता, दबाव और तनाव सहने की क्षमता सहित मुश्किल हालातों में टीम भावना के साथ लक्ष्य कैसे हासिल किए जाएं इन सभी दक्षताओं को परखा जायेगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जवानों को पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा और खेल भावना एवं नियमों का पालन करते हुए अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने की शपथ भी दिलाई गई। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न कमाण्डो विधाओं मसलन ऑब्सटेकल, क्रॉसिंग, रिफलेक्स शूटिंग व ऑपरेशन की तैयारी से संबंधित बारीकियाँ बताई जायेंगीं। साथ ही छोटी-छोटी टीम के जरिए आतंकवादियों और नक्सलवादियों के खिलाफ ऑपरेशन की कार्रवाई को भी परखा जायेगा। कमाण्डोज अपने विवेक और कौशल का प्रदर्शन कर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर रास्ते में आने वाली बाधाओं को पार करते हुए दुश्मन पर धावा बोलकर उसे कैसे नेस्तनाबूत करते हैं इन सबका व्यवहारिक प्रशिक्षण इस प्रतिस्पर्धा के माध्यम से दिया जायेगा।

**बीएसएफ की विभिन्न फ्रंटियर टीमों में शामिल 200 कमाण्डोज कर रहे हैं अपने शौर्य का प्रदर्शन**

इस प्रकार के प्रशिक्षण आतंकवाद पर फतह पाने में कारगर साबित होते हैं। वर्तमान में पूरा विश्व आतंकवाद से प्रभावित है। ऐसे में भारत के सुरक्षा बल आतंकवाद के साथ-साथ नक्सलवाद की समस्याओं से भी जंग लड़ रहे हैं। सुरक्षा बलों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीमा सुरक्षा बल द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति होने की वजह से सीमा सुरक्षा बल देश के सबसे कठिनतम एवं चुनौतीपूर्ण इलाके में तैनात रहता है। इनमें पाकिस्तान व बांगलादेश सीमा, अन्य देशों की अंतर्राष्ट्रीय सीमा, एलओसी एवं नक्सल प्रभावित इलाके शामिल हैं।

### खुशियों की दास्तां

## नगर की स्वच्छता व सुंदरता के लिए किए जा रहे हैं नवाचार, संगीत की थीम पर सजीं दीवारें



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता के लिए विभिन्न प्रकार के नवाचार किए जा रहे हैं जिसके तहत विभिन्न अनुपयोगी चीजों से सुलभ शौचालयों व कचरा ठियों को सुंदर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर की विभिन्न दीवारों को आकर्षक वालपेंटिंग के साथ सजा संवार कर सुंदर किया जा रहा हैं। ग्वालियर शहर की दीवारें अब सुन्दर व साफ एवं आकर्षक पेंटिंग से सजी नजर आने लगीं है। कलाकारों द्वारा जहां कई क्षेत्रों में संगीत सम्राट तानसेन की नगरी को संगीत की थीम पर सजाया जा रहा है, जिसमें दीवारों को रंगरोगन कर उन्हें संगीत के साजो सामान से सजाया जा रहा है और कलाकारों द्वारा संगीत की थीम पर जीवंत चित्र दीवारों पर उकेरे जा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कई स्थानों पर स्वच्छता के संदेश के साथ सुंदर सुंदर चित्र कलाकारों द्वारा दीवारों पर बनाए जा रहे हैं। जिससे शहर के नागरिक एवं बाहर से आने वाले लोगों को भी देखकर अति प्रसन्नता हो रही है। नगर निगम के विभिन्न वार्डों व क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर अपने अपने क्षेत्र को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सभी वार्ड मॉनीटर व क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी प्रातः 6 बजे से क्षेत्र में घूमकर स्वच्छता की मॉनीटरिंग कर रहे हैं तथा पूरा शहर साफ, स्वच्छ व सुंदर रहे, इसके लिए सभी अपने अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। निगम के इस अभियान को शहर के आमनागरिकों का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है तथा सभी रहवासी भी अपने अपने क्षेत्र को साफ, स्वच्छ व सबसे सुंदर बनाने के लिए निगम के अभियान में सहभागिता कर रहे। इसके साथ ही शहर के अन्य वार्डों व सार्वजनिक शौचालयों व अन्य स्थानों को पुराने टायरों व अन्य अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर सुंदर गमले इत्यादि बनाकर लगाए जा रहे हैं तथा दीवारों को भी सुंदर चित्रों से सजाया जा रहा है। स्वच्छता रैकिंग में भी ग्वालियर अव्वल आए, इसके लिये प्रशासन के साथ ही विभिन्न समाजसेवियों के साथ जन मानस का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।



### स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण 18 मार्च को

**ग्वालियर।** स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के लिये 18 मार्च को सुबह 11 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में निर्वाचन की घोषणा से लेकर नाम निर्देशन-पत्रों की प्राप्ति, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन और आदर्श आचरण संहिता के बारे में जानकारी दी जायेगी। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग श्री दुर्ग विजय सिंह ने बताया है कि प्रशिक्षण में कलेक्टर के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और दो जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स भी उपस्थित रहेंगे।

## कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 85 फरियादियों की हुई सुनवाई

**ग्वालियर।** जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे कई फरियादियों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम हुआ तो कई फरियादियों की जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण की रूपरेखा तय हुई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में ऐसी ही समस्याओं के आवेदन लेकर 85 फरियादी पहुँचे थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने रेती फाटक लोहामंडी ग्वालियर से जन-सुनवाई में पहुँची श्रीमती प्रेमलता दुबे का निःशुल्क इलाज कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वासथ्य अधिकारी को दिए। इसी तरह उन्होंने अन्य जरूरतमंद फरियादियों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम कराया। जन-सुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, श्री टी एन सिंह व श्री रिंकेश वैश्य ने एक - एक कर सभी फरियादियों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



### मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय गृह मंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ग्रामोदय कार्यक्रम के तहत

## 18 मार्च को करायेंगे गृह प्रवेश एवं शांतिधाम और खेल मैदानों का करेंगे लोकार्पण

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, शांतिधाम और खेल भवन तथा पंचायत भवनों का वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम 18 मार्च को आयोजित किया जायेगा। प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम के तहत लोकार्पण समारोह होंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। भोपाल के मिंटो हॉल से वर्चुअली आयोजित समारोह में केन्द्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री लोकार्पण के साथ-साथ प्रदेश की जनता को संबोधित भी करेंगे। ग्वालियर जिले में वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत पूर्ण किए गए आवासों में गृह प्रवेश कराया जायेगा। इसके साथ ही मनरेगा योजना के अंतर्गत पूर्ण हुए खेल मैदान, शांतिधाम एवं गौशालाओं का लोकार्पण समारोह भी आयोजित होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल ने बताया कि ग्रामोदय व गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले में 10 गौशालाओं, 18 शांतिधाम, 13 खेल मैदानों के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 72 हितग्राहियों को उनके आवास में गृह प्रवेश कराया जायेगा। गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत घाटीगांव में 5, डबरा में 22 एवं भितरवार में 45 हितग्राहियों को गृह प्रवेश का लाभ मिलेगा। इसके अलावा 2020-21 में पूर्ण हुए 10 पंचायत भवनों का लोकार्पण भी किया जायेगा। सीईओ जिला पंचायत श्री कान्याल ने बताया कि कार्यक्रम को भव्यता से आयोजित करने के लिये जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि पूर्ण आवासों की ग्रामवार, पंचायतवार एवं हितग्राहीवार सूची तैयार करें। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं पटवारियों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के साथ-साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी किया जायेगा।

## 7वें वेतनमान के एरियर की तीसरी किश्त की शेष 75 प्रतिशत राशि के नगद भुगतान का आदेश जारी

**ग्वालियर।** राज्य शासन ने शासकीय सेवकों के हित में सातवें वेतनमान की तीसरी किश्त के एरियर की शेष 75 प्रतिशत राशि का नगद भुगतान का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। पूर्व में राज्य शासन द्वारा एरियर की तृतीय और अंतिम किश्त की 25 प्रतिशत राशि का नगद भुगतान शासकीय सेवकों को किया गया था। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने बजट भाषण में शेष राशि के भुगतान का वादा किया था। समस्त शासकीय सेवकों को सातवें वेतनमान के एरियर्स की तृतीय और अंतिम किश्त की शेष 75 प्रतिशत राशि का नियमानुसार अनिवार्य कटौत्रे पश्चात नगद भुगतान किया जायेगा। राष्ट्रीय पेंशन योजना के अभिदाता सदस्यों को देय राशि का अंशदाता तथा शासन के नियमानुसार अंशदान उपरान्त देय राशि का नगद भुगतान किया जायेगा।

महाराजा मानसिंह तोमर संगीत कला एवं संस्कृति समिति, ग्वालियर
फाग गायन प्रतियोगिता
दिनांक - 21 मार्च 2021, प्रातः 11 बजे से
स्थान - कोलुआ मन्दिर (कालेश्वर धाम)
सम्पर्क करे
9713253992, 7000641998, 7974952288, 7489107900
9329493756, 7747959500, 9669673574, 9826230218
फ्री रजिस्ट्रेशन 19 मार्च 2021 तक
निवेदक - महाराजा मानसिंह तोमर संगीत कला एवं संस्कृति समिति, ग्वालियर
सौजन्य से - सोम्या प्रोपर्टीज, ग्वालियर
मात्र 9000 रु. महीने देकर ग्वालियर में प्लॉट लें पक्की फार्म 4 कॉलोनी
विपिन तोमर "भिड़ौसा" +91 9713253992, 9301759475



P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई
कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478